# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## कार्यवृत्त–2024–01

दिनांक 08 जनवरी, 2024, की अपराह्न 03:00 बजे, विश्वविद्यालय परिसर स्थित सेण्टर फॉर एकेडमिक्स भवन में ऑफलाइन/ऑनलाइन सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक की कार्यवाही :–

बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित हुये :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो० विनय कुमार पाठक,** कुलपति, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी,** प्रति–कुलपति, डीन लाइफ साइंस, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 3. | **मा0 न्यायमूर्ति श्रीकांत त्रिपाठी, (से0नि0)** सदस्य (न्यायिक) इलाहाबाद हाईकोर्ट निवास–2/146–डी0 विशेष खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। | ऑनलाइन/सदस्य |
| 4. | **प्रो0 दिलीप सरदेसाई, (से0नि0 प्राचार्य),** विक्रमजीत सिंह सनातन धर्म कालेज, नवाबगंज कानपुर, निवास–4/278 विष्णुपुरी, ओपोजिट–एनएल0 खन्ना इण्टर कॉलेज कानपुर 208002। | सदस्य |
| 5. | **प्रो0 शलभ, डीन** डीन एकेडमिक अफेयर्स, इण्डियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर–208016। | ऑनलाइन/सदस्य |
| 6. | **डॉ0 उमेश पालीवाल,** एम0डी0, पालीवाल डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड, कानपुर, निवास–117/एच0– 1/ 02, पाण्डु नगर, कानपुर– 208005। | सदस्य |
| 7. | **डॉ० ज्ञान प्रकाश वर्मा,** क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर। | ऑनलाइन/सदस्य |
| 8. | **प्रो० सुधान्शु पाण्डिया, संकायाध्यक्ष,** एस०बी०एम०,सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर। | सदस्य |
| 9. | **डॉ0 अशोक कुमार पाण्डेय, संकायाध्यक्ष,** कृषि संकाय, जनता कालेज, बकेवर इटावा। | सदस्य |
| 10. | **प्रो0 अंशु यादव, आचार्या,** निर्देशक एस०बी०एम०, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्या |
| 11. | **प्रो0 नीरज कुमार सिंह, आचार्य,** एस०बी०एम०, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 12. | **प्रो0 संदीप कुमार सिंह, आचार्य,** लाईफ लॉन्ग लर्निंग एण्ड एक्सटेंशन, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 13. | **डॉ0 मृदुलेश सिहं, सह–आचार्य,** एस०बी०एम०, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर। | सदस्य |
| 14. | **डॉ० सुदेश कुमार श्रीवास्तव, सह–आचार्य,** एस०बी०एम०, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | **डॉ0 शक्ति सिंह सचान, प्राचार्य,**<br>राजकीय महिला महाविद्यालय बांगरमऊ, कन्नौज। | ऑनलाइन / सदस्य |
| 16. | **डॉ0 अखिलेश चन्द्र पाण्डेय, प्राचार्य,**<br>अकबरपुर महाविद्यालय, अकबरपुर, कानपरु देहात। | सदस्य |
| 17. | **डॉ0 वी0के0 कटियार, प्राचार्य,**<br>बृहमावर्त डिग्री कालेज, मंधना, कानपुर नगर। | सदस्य |
| 18. | **डॉ० विनोद कुमार वर्मा, सहायक आचार्य,**<br>जीवन विज्ञान सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | **श्री अशोक कुमार त्रिपाठी,**<br>वित्त अधिकारी, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | **श्री राकेश कुमार,**<br>परीक्षा नियत्रंक, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | **डॉ० अनिल कुमार यादव,**<br>कुलसचिव, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर। | सचिव |

सर्वप्रथम कुलसचिव ने मा0 कार्य परिषद के उपस्थित माननीय सदस्यों का स्वागत किया तथा मा० अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ कीः–

| मद सख्या | विषय |
|---|---|
| 2024–1.1 | ***कार्य परिषद की बैठक दिनांक 18.09.2023 में लिये गये निर्णयों पर सम्पुष्टि।*** |
| | *परिषद ने विगत बैठक दिनांक 18.09.2023 में लिये गये निर्णयों पर तथा मद संख्या–2023–3.22 के बिन्दु (2) में Universal Human Values Cell की स्थापना / गठन हेतु सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान की गयी।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग) |
| **2024–1.2** | ***कार्य परिषद की बैठक दिनांक 18.09.2023 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर सम्पुष्टि।*** |
| | *परिषद द्वारा विगत बैठक दिनांक 18.09.2023 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की समीक्षा करते हुये सर्वसम्मति से सम्पुष्टि की गयी।*<br>(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग) |
| **2024–1.3** | ***विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ग्रेड A++ प्राप्त होने के सम्बन्ध में संसूचनार्थ।*** |
| | *माननीय कार्यपरिषद विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा A++ सर्वोच्च ग्रेड 3.57 अर्जित किये जाने से संसूचित हुई। कार्यपरिषद के सम्मानित सदस्य प्रो० शलभ, डॉ0 उमेश पालीवाल, व प्रो० दिलीप सरदेसाई जी ने अध्यक्ष महोदय / कुलपति जी के इस कार्य हेतु प्रशंसा की तथा NAAC- A++ ग्रेड को बनाये रखने के लिए पूरे प्रयास किये जाने के निर्देश दिये।* |
| **2024–1.4** | ***सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 04.08.2023 एवं 28.11.2023 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।*** |
| | *परिषद द्वारा सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 04.08.2023 एवं 28.11.2023 की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)* |

| | |
|---|---|
| 2024–1.5 | ***श्री राजीव जैन, प्रभारी–ई–ऑफिस द्वारा अपने पिता स्वर्गीय श्री नेमी चन्द जैन, स्मृति स्वर्ण पदक दिये जाने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 22.11.2023 पर विचार।*** |
| | *परिषद द्वारा श्री राजीव जैन, प्रभारी ई0–आफिस द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 22.11.2023 पर विचार करते हुये उनके पिता की याद में विधि संकाय में अध्यनरत छात्र/छात्राओं के प्रेरणा एवं प्रोत्साहन हेतु सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता विद्यार्थी (छात्र/छात्रा) के लिए "स्वर्गीय श्री नेमी चन्द्र जैन स्मृति स्वर्ण पदक" प्रायोजित करने हेतु अनुमति एवं उक्त पदक हेतु निर्धारित रू0–2,00,000/– (रूपये दो लाख) शुल्क जमा कराने की सहमति प्रदान की गयी तथा उक्त पदक आगामी दीक्षान्त समारोह से प्रदान किए जाने की अनुमति प्रदान की गयी।*<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)* |
| 2024–1.6 | ***डॉ० रिपुदमन सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर द्वारा अपने पिता स्वर्गीय प्रो० जदौन सिंह, के नाम स्वर्ण पदक दिये जाने हेतु प्रस्तुत पत्रांक–क्षे0का0का0/2491/2023–24 दिनांक 10.11.2023 एवं पत्रांक–क्षे0का0का0/3949/2023–24 दिनांक 23.12.2023 पर विचार।*** |
| | *परिषद द्वारा डॉ0 रिपुदमन सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर के पत्रांक–क्षे0का0का0/2491/2023–24 दिनांक 10.11.2023 पर विचार करते हुये उनके पिता "स्व0 प्रो0 जादौन सिंह के नाम से परास्नातक स्तर पर एम0एस0सी0 रसायन विज्ञान अकार्बनिक रसायन में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर्ता विद्यार्थी (छात्र/छात्रा) को स्वर्ण पदक" प्रायोजित करने हेतु जमा किये गये शुल्क रू0–2,00,000/– (रूपये दो लाख) की स्वीकृति प्रदान करते हुये उक्त पदक प्रदान करने की अनुमति प्रदान की गयी तथा उक्त पद आगामी दीक्षान्त समारोह से प्रदान किए जाने की अनुमति प्रदान की गयी।*<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)* |
| 2024–1.7 | ***श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांक–ई–8737/जी0एस, दिनांक 20.12.2023 के अनुपालन में कुलपति खोज समिति हेतु कार्य परिषद द्वारा एक सदस्य को चुने जाने पर विचार।*** |
| | *कुलपति खोज समिति हेतु कुलसचिव जी द्वारा प्रो0 योगेश सिंह, कुलपति, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली का नाम प्रस्तावित किया गया जिसे कार्यपरिषद के सभी सदस्यों द्वारा सहर्ष सहमति प्रदान की गयी। शीघ्र ही सूचना राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।*<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)* |
| 2024–1.8 | ***परिसरीय लॉ डिपार्टमेंट की चयन समिति की बैठक दिनांक 29.12.2023 में की गयी संस्तुति/अनुशंसा के सील बन्द लिफाफे पटल पर माननीय कार्यपरिषद के समक्ष खोला जाना एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाना।*** |
| | *विश्वविद्यालय परिसर स्थित लॉ डिपार्टमेंट में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत (संविदात्मक) हेतु चयन समिति की दिनांक 29 दिसम्बर 2023 को सम्पन्न बैठक में चयन समिति की अनुशंसा के "सील्ड" लिफाफों को खोलने की अनुमति, माननीय सदस्यों द्वारा प्रदान की गयी। चयन समिति की संस्तुतियों के आलोक में निम्नलिखित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत नियुक्तियों को मा० परिषद द्वारा सहर्ष सर्वसम्मति से* |

*अनुमोदन प्रदान किया गया एवं अनुमोदित चयनित अभ्यर्थियों/शिक्षको रूपयें 40,000/– (रूपये चालीस हजार) प्रतिमाह पांच वर्ष के लिये तत्काल नियुक्ति आदेश निर्गत करने हेतु मा0 कार्यपरिषद द्वारा कुलसचिव को आदेश प्रदान किया गया।*

| क्र | नाम | विषय | पदनाम | विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पुलात्सय शुक्ला | Discipline of Law | सहायक आचार्य (SFS-Contractual) | अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज़ |
| 2 | श्री नितिन सिंह | | | |
| 3 | श्री ऋषि श्रीवास्तव | | | |

*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासनिक अधिकारी (स्ववित्तपोषित)*

**2024–1.9** ***ओ–लेवल प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में मा0 न्यायमूति श्री श्रीकान्त त्रिपाठी, न्यायिक सदस्य से प्राप्त रिपोर्ट/आख्या के सील बन्द लिफाफे को खोला जाना एवं अनुमोदनार्थ।***

*परिषद द्वारा ओ–लेवल प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में मा0 न्यायमूर्ति श्री श्रीकान्त त्रिपाठी, न्यायिक सदस्य, कार्यपरिषद से प्राप्त रिपोर्ट/आख्या के सील बन्द लिफाफे को माननीय कार्यपरिषद के सदस्यों की सहमति से खोला गया, जिसे माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नानुसार पढ़ कर सुनाया गया–*

***"Kindly refer to the Registrar's letter no. सी.एस.जे.एम.वि.वि./आर0कैम्प0/927/2023 dated 08-08-2023., which I recieved today. The 'O' Level certifcates should be issued to the candidates by the concerned college. however, in order to give sancitity to the certificateds, the University may consider to counter-sign the same after ensuring correctness of the certificates on basis of the original records maintained in the college and duly verified by the Principal/Director of the College. The desired opinion is submitted accordingly for kind perusal and necessary action."***

*सम्यक् विचारोपरान्त आख्या स्वीकार करते हुये निर्णय लिया गया कि प्रकरण के सम्बन्ध में महाविद्यालयों में उपलब्ध ओ–लेवल प्रमाण पत्र से सम्बन्धित अभिलेखों को महाविद्यालयों के प्राचार्य के सत्यापन के पश्चात् विश्वविद्यालय स्तर पर प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया गया–*

1. *श्री अजय कुमार गौतम, उप–कुलसचिव।*
2. *श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा, वित्त एवं लेखा अधिकारी ।*
3. *सुश्री अंजलि मौर्या, उप–कुलसचिव।*

*उक्त समिति से अपेक्षा की गयी है कि उक्त के सम्बन्ध में सप्रमाण आख्या यथाशीघ्र निदेशक, आन्तरिक एवं लेखा परीक्षा, उ0प्र0 लखनऊ प्रेषित की जाय।*

*(अपेक्षित कार्यवाही–श्री अजय कुमार गौतम, उप–कुलसचिव)*

**2024–1.10** ***परीक्षा समिति की सम्पन्न बैठक दिनांक 30.11.2023 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।***

*परिषद द्वारा परीक्षा समिति की बैठक दिनांक* 30.11.2023 *की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

(अपेक्षित कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक)

# अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु

| मद | विवरण |
|---|---|
| अन्य बिन्दु–1 | **विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त विभागों/संस्थान/कार्यालयों में सिविल सम्बन्धित रिपेयरिंग एवं पेंटिंग इत्यादि कार्य कराये जाने हेतु एक सेल के गठन के सम्बन्ध में।** |
| | परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय परिसर में स्थित समस्त विभागों/संस्थान/कार्यालयों में सिविल सम्बन्धित रिपेयरिंग एवं पेंटिंग इत्यादि कार्य कराए जाने हेतु एक सेल का गठन किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार करते हुये निम्नानुसार निर्णय लिया गया–<br>कि उक्त कार्य हेतु सहायक अभियन्ता सहित 01 मिस्त्री व 02 हेल्पर होंगे। उक्त सेल निम्नानुसार कार्य करेगा–<br>1. विभागों/संस्थाओं/कार्यालयों के मरम्मत कार्य कुलसचिव/कुपलति जी स्वीकृति के उपरान्त कराया जाएगा।<br>2. संबन्धित कार्य हेतु सामग्री बाजार दर पर सीधे क्रय की जाएगी, जिसका भुगतान सहायक अभियन्ता को दी गई इम्प्रेस्ट मनी से किया जायेगा।<br>3. मेजरमेंट बुक (MB) सहायक अभियन्ता (सिविल) छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के द्वारा भरी जाएगी।<br>4. मिस्त्री एवं लेबर को DSR-2023 में निर्धारित प्रति दिन दर के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। मिस्त्री को कुशल कार्मिक एवं हेल्पर को अकुशल कार्मिक का भुगतान किया जाएगा।<br>(अपेक्षित कार्यवाही–सहायक अभियन्ता) |
| अन्य बिन्दु–2 | **Proposal of Approval for the Centre for Excellence in Lifelong Lerarning within the School of Arts, Humanities & Social Science.** |
| | परिषद द्वारा उपरोक्त प्रकरण में सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी तथा निर्देश दिये गये कि बजट के प्रावधान हेतु आगामी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जाय।<br>(अपेक्षित कार्यवाही– प्रो० संदीप कुमार सिंह, डीन, फैकेल्टी ऑफ एडवांस स्टडीज ऑफ सोशल साइंस) |
| अन्य बिन्दु–3 | **संदर्भ संख्या–40/2023 अधिनियम की धारा–68 के अधीन डॉ0 बृष्टि मित्रा और 15 अन्य बनाम यूपी राज्य और 03 अन्य के सम्बन्ध में राज्यपाल के पत्र संख्या– ई–8846, ई–8847/10जी0एस0(68)/2023 दिनांक 01.01. 2024 पर विचारार्थ।** |
| | परिषद द्वारा डा० बृष्टि मिश्रा व अन्य (SFS) के प्रोन्नति व वेतनमान के सम्बन्ध में राज्यपाल के पत्र संख्या– ई–8846, ई–8847/10जी0एस0(68)/2023 दिनांक 01.01.2024 के निर्देशानुसार आख्या राज्यपाल सचिवालय को पत्रोत्तर प्रेषित करने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी।<br>(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासनिक अधिकारी (SFS)) |
| अन्य बिन्दु–4 | **विश्वविद्यालय परिसर स्थित भवनों के आकस्मिक आपदीय सुरक्षा हेतु भवनों का इंश्योरेंस कराये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | परिषद द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय परिसर स्थित भवनों के आकस्मिक आपदीय सुरक्षा हेतु भवनों का इंश्योरेंस कराये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित समिति का गठन करने पर निर्णय लिया गया– |

| | |
|---|---|
| | 1. प्रति–कुलपति,<br>2. प्रो0 सुधान्शु पाण्डिया, आचार्य, एस०बी0एम०।<br>3. वित्त अधिकारी।<br>4. कुलसचिव।<br>5. सम्पत्ति अधिकारी।<br>उक्त समिति से अपेक्षा की गयी है कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित भवनों के आकस्मिक आपदीय सुरक्षा हेतु भवनों का इंश्योरेंस कराये जाने के सम्बन्ध में इंश्योरेंस कम्पनियों से यथाशीघ्र वार्ता कर यथा स्थिति से विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराते हुये इंश्योरेंश कराने की कार्यवाही पूर्ण कराये।<br>(अपेक्षित कार्यवाही–सम्पत्ति अधिकारी) |
| **अन्य बिन्दु–5** | विश्वविद्यालय परिसर में ''गीता चेयर'' की स्थापना में सम्बन्ध में कार्यपरिषद के माननीय सदस्य डॉ0 उमेश पालीवाल, एम0डी0, पालीवाल डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड, कानपुर द्वारा अपनी सोसाइटी के फण्ड से रूपये 5,00,000/– (रूपये पांच लाख) दिये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी है। ''गीता चेयर'' की स्थापना हेतु व इस प्रकार अन्य चेयरों की स्थापना के लिये निम्नलिखित समिति का गठन किया गया–<br>1. प्रो० सुधान्शु पाण्डिया, आचार्य, एस०बी०एम०, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर। (अध्यक्ष)<br>2. डीन, रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर।<br>3. प्रो० संदीप कुमार सिंह, आचार्य, लाइफ लॉग लर्निंग, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर।<br>परिषद द्वारा उपरोक्त कार्य की प्रगति हेतु माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया।<br>(अपेक्षित कार्यवाही–डीन, प्रशासन) |
| **अन्य बिन्दु–6** | विश्वविद्यालय परिसर में UGC/AICTE/BCI आदि के नियमों के तहत ऑनलाइन कोर्स को शुरू करने हेतु परिषद द्वारा सैद्धान्तिक रूप से सहमति प्रदान की गयी।<br>(अपेक्षित कार्यवाही–डीन, एकेडमिक्स) |

अन्त में कुलसचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

08.01.2024

**डॉ०(अनिल कुमार यादव)**
कुल सचिव/सचिव

**प्रो०(विनय कुमार पाठक)**
कुलपति/अध्यक्ष

**कार्यालय पत्रांक: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सा.प्रशा./ 916 /2024, दिनांक 08.01.2024**

प्रतिलिपि: 1. मा0 सदस्यगण–कार्यपरिषद की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

08.01.2024

**डॉ०(अनिल कुमार यादव)**
कुल सचिव/सचिव